पुUना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT-3			
Student's Name:	**Roll No:**	**Grade:**	**VI**
Date:	**Time:**	**Total Marks**	**25**
Subject: Hindi	**T.Sign:**		

⇨ निर्देश- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(अपठित-विभाग)

प्र-1 अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-5)

आश्चर्य की बात है कि मनुष्य कभी अपने आप से यह प्रश्न नहीं करता कि उसे क्या चाहिए? सामान्य रूप से वह जानता है कि उसे अच्छा काम धंधा चाहिए, चाहिए सुख वैभव और विलास चाहिए लेकिन यह सब ऊपर ही बातें हैं. सब बातों के नीचे एक रहस्य और है – मनुष्य का परमात्मा से कटा होना. यह करना ही उसके सब दुखों का कारण है. इसी दुख की पूर्ति के लिए कभी वह रिश्ते नाते जोड़ता है, कभी सांसारिक सफलता पाकर खुश होता है. लेकिन सफलता का सुख भी उसे पूरी संतुष्टि नहीं दे पाता. गौतम बुद्ध को भी सांसारिक सुख पसंद नहीं कर पाए थे| तब उनके मन में प्रश्न उठा था कि आखिर मुझे संतोष कैसे मिलेगा| इस प्रश्न का उत्तर उन्हें बड़ी साधना से मिला| गौतम बुद्ध परमात्मा को नहीं मानते थे| उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि करुणा से मानव जीवन सुखी हो सकता है| करुणा करने वाला अपने लिए नहीं दीन दुखियों के लिए जीता है. इसी में उसे आनंद मिलता है. वास्तव में मानव का लक्ष्य यही आनंद पाना है|

1. अपठित गद्यांश का शीर्षक दीजिए|
2. सामान्य तौर पर मनुष्य जीवन में क्या चाहता है?
3. मनुष्य जीवन का वास्तविक कष्ट क्या है?
4. मनुष्य अपने सांसारिक दुख को दूर करने के लिए क्या उपाय करता है?
5. गौतम बुद्ध ने मानव जीवन को सुखी बनाने का कौन सा उपाय खोजा?
6. मानव जीवन का सच्चा लक्ष्य क्या है?

(व्याकरण- विभाग)

प्र-2 निम्नलिखित क्रिया को पहचानकर उनके भेद के नाम लिखिए| (अंक-3)

1) रमेश पतंग उड़ाता है |
2) गुड़ियाँ कागज़ से घर बना रही है |
3) छात्र लौट आए |

प्र-3 निम्नलिखित लोकक्ति का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए| (अंक-2)

1) आगे नाथ न पीछे पगहा
2) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

प्र-4 निम्नलिखित क्रियाविशेषण के प्रकार लिखिए | (अंक-3)

1) वह सोमवार को क्रिकेट खेलेगा।
2) वह तेज भागता है।
3) इतना मत बोलो थक जाओगे।

(साहित्य-विभाग)

प्र-5 निम्नलिखित अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-3)

1) पत्थर अपनी कहानी हमें कैसे बताते हैं?
2) लेखक ने "प्रकृति के अक्षर" किन्हें कहा है?
3) रावण किस वेश में आया था?

प्र-6 निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई एक) (अंक-2)

1) ऐसी कौन-सी विशेषताएँ थीं जिनके कारण मराठे लक्ष्मीबाई को देखकर पुलकित हुए?
2) मनुष्य का स्वभाव क्या है?

(लेखन-विभाग)

प्र-7 निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (कोई एक) (अंक-4)

पुस्तकों का महत्व

अथवा

हमारे राष्ट्रीय त्योहार

प्र-8 निम्नलिखित विषय पर कहानी लेखन लिखिए | (अंक-3)

1) सच्ची मित्रता पर कहानी लेखन लिखिए |